# सड़क सुरक्षा नियम घर परिवार में खुशहाली के लिए – मनीष शर्मा

**आबू रोड़** - यातायात नियमों का पालन करके हम न केवल अपने जीवन में निरन्तर गतिशील रहते हैं बल्कि समाज में दूसरों का प्रेरणा देने का काम भी करते हैं। ये सभी यातायात नियम जीवन की सुरक्षा एवं परिवार में खुशहाली के लिए बनाये गये हैं। परिवहन विभाग हर नागरिक को यही बात बताने के लिए प्रयासरत रहता है। जिला परिवहन अधिकारी, मनीष शर्मा ने उपरोक्त बात आबू रोड़ में **31वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह** के शुभारम्भ के अवसर पर उपस्थित नागरिकों तथा पुलिस कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कार्यक्रम के अन्त में मंचासीन सभी वक्ताओं के साथ सभा में उपस्थित सभी नागरिकों तथा बाईक चालकों को सुरक्षा प्रतिज्ञा करवाते हुए स्वच्छता की प्रेरणा भी दी।

**4 से 10 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह** के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी के रूप में बाईक चलाते समय हेलमेट पहनने की प्रेरणा देने के लिए विशेष **बाईक रैली** का आयोजन किया गया। **बाईक रैली** सुरक्षा संदेश देने वाली तख्तियों के साथ शान्ति कुंज, आबू रोड़ से आरम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जिला परिवहन कार्यालय आबू रोड़ तक पहुँची।

ब्रह्माकुमारीज़ के यातायात एवं परिवहन प्रभाग के संयोजक बी.के. सुरेश शर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि परिवहन और पुलिस विभाग यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों का चालान तो काट सकती है परन्तु उनके मन को सशक्त करने का काम नहीं कर सकता है। यातायात नियमों का पालन करने के लिए उन्हें मन से स्वीकार करने की आवश्यकता है। इसीलिए राजयोग के अभ्यास से आध्यात्मिक शक्तिकरण और जन-जागरूकता दोनों कार्य एक साथ करने पर ही बेहतर सड़क सुरक्षा होगी तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल चालक के लिए नहीं बल्कि सभी दोपहिया वाहन सवारों के लिए पहनना जरूरी हैं क्योंकि दुर्घटना होने की स्थिति में चोट केवल चालक को नहीं लगती है। उन्होंने यातायात एवं परिवहन प्रभाग की ओर से विश्वभर में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ की ओर से सभी बाईक चालकों को सुरक्षा जागृति स्टीकर भी वितरित किये गये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथी के रूप में यू. आई. टी. के सचिव कुशल कोठारी ने अपने सम्बोधन में निजी अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें सुखद आश्चर्य हुआ जब उनका मित्र रेलवे स्टेशन पर आया तो मेरे लिए भी 1 हेलमेट लेकर आया ताकि उसके साथ बाईक पर में भी हेलमेट पहनकर सुरक्षित यात्रा कर सकूं। उन्होंने कहा कि हमें अपने परिवार में सुरक्षा जागृति के लिए हर स्तर पर प्रयास करने चाहिए ताकि हमारे बच्चे भी सुरक्षित रहें और अपना लक्ष्य हासिल कर सके।

इस कार्यक्रम में आबू रोड़ नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी त्रिकमदास चारण, सदर पुलिस थाना, आबू रोड़ के प्रभारी अनिल बिश्नोई, होण्डा बाईक शोरूम के मालिक ओमप्रकाश ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन यातायात निरीक्षक दिनेश टाक ने किया।